5 नदियों को जोड़ने की मंजूरी, घरों में नल से जल पहुंचाने की तैयारी

पीटीआई, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि पांच नदियों को जोड़ने की परियोजना रिपोर्ट तैयार कर दी गई है। जिन पांच नदियों को जोड़ने की परियोजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है, उनमें दमनगंगा-पिंजाल, पार-तापी नरमदा, गोदावरी-कृष्णा, कृष्णा-पेन्नार और पेन्नार कावेरी नदियां शामिल है। उन्होंने कहा कि इन नदियों को जोड़ने की योजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

इन परियोजनाओं से लाभान्वित होने वाले राज्यों के बीच जैसे ही नदियों को जोड़ने की परियोजना को लेकर सहमति बन जाएगी, केंद्र इनके क्रियान्वयन पर काम शुरू कर देगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि 44,605 करोड़ रुपये की लागत वाली केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के लिए इस बार के बजट में 1400 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से किसानों की 9 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को जलापूर्ति होगी। साथ ही 62 लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस परियोजना से 103 मेगावाट पन बिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जा सकेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 3.8 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाने के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।